न्यायालयः सत्र न्यायाधीश, बागपत।

उपस्थितः संतोष राय, एच.जे.एस.

स्थानान्तरण प्रार्थना-पत्र संख्या-15/2020

कम्प्यूटर संख्या-14/2020

**(UPBG01000612 2020)**

मोनू बनाम राज्य।

दिनांकः-06.02.2020

निस्तारण प्रार्थना-पत्र 3 अ

प्रस्तुत स्थानान्तरण प्रार्थना-पत्र कागज संख्या 3 अ प्रार्थी/अभियुक्त मोनू पुत्र ओमप्रकाश की ओर से इस आधार पर प्रस्तुत किया गया है कि जमानत प्रार्थना-पत्र संख्या 153/2020 सरकार बनाम मोनू, धारा 363, 366 भा.द.सं., थाना रमाला, जिला बागपत, जो कि मु.अ.सं. 245/19 से सम्बन्धित है, न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय, प्रथम, बागपत में लम्बित है तथा उक्त प्रकरण में धारा 7/8 लैंगिक अपराधां से बालकों का संरक्षण अधिनियम की बढौत्तरी विवेचक द्वारा किये जाने के उपरान्त प्रार्थी का अतिरिक्त जमानत प्रार्थना-पत्र प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, बागपत के न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसी स्थिति में त्वरित न्यायालय, प्रथम, बागपत से उक्त जमानत प्रार्थना-पत्र को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, बागपत के न्यायालय में अंतरित किया जाना आवश्यक है।

न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, बागपत के प्रभारी पीठासीन अधिकारी की आख्या दिनांकित 03.02.2020 के अनुसार जमानत प्रार्थना-पत्र संख्या 209/2020 मोनू बनाम सरकार, धारा 7/8 पोस्को एक्ट, मु.अ.सं. 245/19 थाना रमाला, जिला बागपत इस न्यायालय के आदेश दिनांकित 29.01.2020 के द्वारा उक्त न्यायालय में अंतरित की गयी है।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

चूॅकि पोस्को अधिनियम के प्रकरणों की सुनवाई का क्षेत्राधिकार न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, प्रथम, बागपत को प्राप्त है, अतः न्यायहित में अंतरण प्रार्थना-पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

आदेश

यह अंतरण प्रार्थना-पत्र 3 अ स्वीकार किया जाता है।

जमानत प्रार्थना-पत्र संख्या 153/2020 सरकार बनाम मोनू, धारा 363, 366 भा.द.सं., थाना रमाला, जिला बागपत, जो कि मु.अ.सं. 245/19 से सम्बन्धित है, को अपर सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय, प्रथम, बागपत से वापस लिया जाकर, अतिरिक्त जमानत प्रार्थना-पत्र संख्या 209/2020 मोनू बनाम सरकार, धारा 7/8 पोस्को अधिनियम, थाना रमाला, जिला बागपत के साथ विधिपूर्ण निस्तारण हेतु प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, बागपत के न्यायालय में अंतरित किया जाता है।

सभी सम्बन्धित सूचित हो अनुपालन सुनिश्चित करें।

दिनांकः-06.02.2020

(संतोष राय),

सत्र न्यायाधीश, बागपत।